भारत सरकार

आयुष मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3329

07 अगस्त, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

तिरुचिरापल्ली में आयुष अस्पताल

3329. श्री दुरई वाइको

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का तिरुचिरापल्ली में इसके रणनीतिक अवस्थिति और आयुष सेवाओं की बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए 50 या 100 बिस्तरों वाले एक एकीकृत आयुष अस्पताल और उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना करने का कोई प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार को राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत तिरुचिरापल्ली में आयुष बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए तमिलनाडु सरकार से कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में वर्तमान स्थिति क्या है;

(घ) क्या सरकार का तिरुचिरापल्ली में नए आयुष अस्पतालों, कल्याण केंद्रों, अनुसंधान सुविधाओं और विशिष्ट उपचार इकाइयों की स्थापना के लिए वित्तीय सहायता मंजूर करने का विचार है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा तत्संबंधी कार्यान्वयन की संभावित समय-सीमा क्या है?

उत्तर

आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क): ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है।

(ख) और (ग): राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) के अंतर्गत, तमिलनाडु राज्य सरकार से राज्य वार्षिक कार्य योजनाओं के माध्यम से प्राप्त प्रस्तावों के अनुसार, उन्हें आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) [एएएम (आयुष)], सह-स्थापित आयुष इकाइयों, एकीकृत आयुष अस्पतालों (आईएएच) और आयुष शैक्षणिक संस्थानों के लिए आयुष अवसंरचना के सुदृढ़ीकरण के लिए सहायता प्रदान की गई है। राज्य द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, तमिलनाडु राज्य में और इसके तिरुचिरापल्ली जिले में अवसंरचना सहायता की स्थिति **संलग्नक** पर दी गई है।

(घ) और (ङ): जन स्वास्थ्य राज्य का विषय होने के कारण, तिरुचिरापल्ली जिले में नए आयुष अस्पतालों, कल्याण केन्द्रों, अनुसंधान सुविधाओं और विशेष उपचार इकाइयों की स्थापना संबंधित राज्य सरकार के कार्यक्षेत्र में आती है। तथापि, एनएएम के अंतर्गत, राज्य सरकार एनएएम दिशा-निर्देशों के प्रावधानों के अनुसार एसएएपी के माध्यम से उपयुक्त प्रस्ताव प्रस्तुत करके 10/30/50 बिस्तरों वाले एकीकृत आयुष अस्पतालों की स्थापना के लिए वित्तीय सहायता प्राप्त कर सकती है। चूंकि, एनएएम योजना का कार्यान्वयन राज्य सरकार द्वारा किया जा रहा है, अतः, अनुमोदित कार्यकलापों के कार्यान्वयन के लिए समय-सीमा मंत्रालय द्वारा निर्धारित नहीं की जा रही है।

*****

संलग्नक

तमिलनाडु में एनएएम के तहत आयुष सुविधाओं के लिए बुनियादी ढांचा हेतु सहायता			
क्र.सं.	**सुविधा**	**इकाइयों की संख्या**	**वर्तमान स्थिति**
1.	आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष)	650	कार्यशील
2.	सह-स्थापित इकाइयाँ	126	कार्यशील
3.	आईएएच	5	3- कार्यशील 2 -निर्माणाधीन
4.	आयुष शैक्षणिक संस्थान	1	निर्माणाधीन

तिरुचिरापल्ली जिले में एनएएम के तहत आयुष सुविधाओं के लिए बुनियादी ढांचे हेतु सहायता			
क्र.सं.	**योजना**	**स्वीकृत इकाइयों की संख्या**	**वर्तमान स्थिति**
1.	एकीकृत आयुष अस्पताल	0	शून्य
2.	सह-स्थापित आईएसएम विंग्स	3	कार्यशील
3.	जिला मुख्यालय	1	कार्यशील
4.	औषधालय	1	निर्माणाधीन
5.	नए आयुष शिक्षण संस्थान	0	शून्य
6.	एएएम	22	कार्यशील